# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन

## राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की षष्ठम (छठी) बैठक का कार्यवृत

रविवार, २७ अप्रैल २०२५, ओसियन ग्रांड होटल, साकेत नगर मार्ग, कानपुर, उत्तर प्रदेश

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की सत्र २०२३-२५ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की छठी बैठक रविवार, २७ अप्रैल २०२५ को कानपुर स्थित ओसियन ग्रांड होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया के सभापतित्व में आयोजित की गई।

**बैठक में निम्नलिखित राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्यों की उपस्थिति रहीं:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री शिव कुमार लोहिया | श्री मधुसूदन सीकरिया | श्री निर्मल झुनझुनवाला | श्री कैलाशपति तोदी |
| श्री संजय गोयनका | श्री केदारनाथ गुप्ता | श्री पवन कुमार गोयनका | श्री श्रीगोपाल तुलस्यान |
| श्री नंदकिशोर अग्रवाल | श्री लक्ष्मीपत भुतोड़िया | श्री कैलाश काबरा | श्री राज कुमार मिश्रा |
| श्री सुदेश करवा | श्री ओम प्रकाश अग्रवाल | श्री टिकम चंद सेठिया | श्री बिनोद तोदी |
| श्री सुंदर लाल शर्मा | श्री राजेश सिंघल | श्रीमती सुषमा अग्रवाल | श्री पवन बंसल |
| श्री बिश्वनाथ भुवालका | | | |

**निम्नलिखित सदस्यों ने अनुपस्थिति की सुचना दीः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री नन्द लाल रुँगटा | श्री संतोष सराफ | श्री आत्माराम सोंथलिया | डॉ. संजय हरलालका |
| श्री ओम प्रकाश खंडेलवाल | श्री सीताराम शर्मा | श्री महेश जालान | श्री कमल नोपानी |
| श्री ओम प्रकाश अग्रवाल | श्री पवन कुमार जालान | श्री सुरेश कुमार कमानी | |

**कार्यसुची १: अध्यक्षीय उद्गार।**

बैठक में सर्वप्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने सभी उपस्थित सदस्यों का अभिवादन करते हुए सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया एवं राष्ट्रीय पदाधिकारीयों एवं प्रांतीय पदाधिकारीयों के प्रति सत्र के दौरान सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। पूरे सत्र में राष्ट्रीय पदाधिकारीयों का दौरा विभिन्न प्रांतो में निरंतर चलता रहा हैं। श्री लोहिया ने कहा की शाखाओं में इस सत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जो कि १५ प्रतिशत के लगभग हैं। उन्होंने बताया कि अमृतसर में शाखा खोलने का प्रयास चल रहा है। इसी संदर्भ में सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री पवन कुमार गोयनका, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष दिल्ली श्री लक्ष्मीपत भूतोड़िया एवं रमेश बजाज, अमृतसर की यात्रा कर वहाँ के समाज बंधुओं से संपर्क एवं बैठक की हैं एवं वहाँ शाखा खोलने के लिए अमृतसर के प्रवीण समाजसेवी सुनील गुप्ताजी को यह महत्वपूर्ण कार्यभर सौंपा है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि जल्द ही अमृतसर में नई शाखा का शुभांरभ होगा। यह भी बताया कि मध्य प्रदेश के एक बहुत ही महत्वपूर्ण शहर इंदौर में भी ६० के लगभग सदस्य बन चुके हैं एवं नई शाखा गठित होने जा रही हैं। उन्होंने सदस्यों का ध्यान इस बात की ओर आकृष्ट किया कि इस सत्र में पांच सूत्रीय कार्यक्रम, प्रांतो एवं शाखाओं को अधिवेशन में पुरस्कार एवं शाखाओं को उनके प्रकल्पों के लिए आर्थिक सहयोग जैसे योजनाओं की घोषणा की गई हैं। श्री लोहिया ने कहा कि २ वर्ष के कार्यकाल में जो भी कार्य हो सके हैं उनकी एक संक्षिप्त रपट सभी सदस्यों को दी गई हैं। उन्होंने कटनी के शरद सरावगी के प्रति आभार प्रकट किया कि उन्होंने इंदौर में अथक प्रयास किया हैं। उन्होंने राष्ट्रीय सम्मेलन द्वारा घोषित विभिन्न कार्यक्रमों को सभी स्तर पर एवं सभी शाखाओं में प्रचार-प्रसार करने को कहा ताकि सम्मेलन के कार्यकलापों में एकरुपता रहें। उन्होंने कहा समय-समय पर सभी प्रांतो को राष्ट्रीय कार्यालय की ओर से विभिन्न विषयों पर दिशा निर्देश एवं सहयोग के पत्र दिए जाते हैं उन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। सम्मेलन की उज्जवल छवि बनाने के लिए सभी एकजुट होकर कार्यक्रमों में और गति लाने की भी आवश्यकता पर उन्होंने जोर दिया।

**कार्यसुची २: गत बैठक का कार्यवृत्त पारित करना।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की पिछली बैठक (२८ दिसंबर २०२४) कोलकाता का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया, जिसे राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सभी उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**कार्यसुची ३: महामंत्री द्वारा विगत कार्यकलापों की जानकारी।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने पिछली बैठक के बाद के सम्मेलन की गतिविधियों पर महामंत्री की रपट प्रस्तुत की। आगे श्री तोदी ने बताया की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संतोष सराफ के अध्यक्षता में भवन निर्माण उपसमिति; सम्मेलन भवन के निर्माण कार्य में गति लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही हैं और इस संबंध में

भवन का प्लान (नक्शा) जमा किया जा चुका है एवं शीघ्र ही उसके अनुमोदन के बाद भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ होने की संभावना है।

**कार्यसुची ४: सम्मेलन के संविधान की धारा १६ (१) के प्रावधानों के अंतर्गत, आगामी सत्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु नियमावली पर विचार-विमर्श तथा स्वीकृति।**

राष्ट्रीय महासचिव श्री कैलाशपति तोदी ने अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के अगले सत्र २०२५-२७ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए नियमावली प्रस्तुत की जिसको सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

**कार्यसुची ५: राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु चुनाव अधिकारी तथा सहायक चुनाव अधिकारी की नियुक्ती।**

अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की छठी बैठक में उपस्थित सदस्यों के विचार-विमर्श के उपरांत आगामी सत्र २०२५-२७ के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव हेतु चुनाव अधिकारियों का चयन हुआ जिसमें प्रदीप जीवराजका, कोलकाता से मुख्य चुनाव अधिकारी एवं श्री विनोद कुमार लोहिया, गुवाहाटी से एवं श्री लक्ष्मीपत भुतोड़िया, दिल्ली से सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किए गए।

**कार्यसुची ६: संगठन-विस्तार तथा प्रांतो की सक्रियता पर प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों/प्रांतीय अध्यक्षों की संक्षिप्त रपट।**

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मधुसूदन सीकरिया ने संगठन विस्तार तथा प्रांतो की सक्रियता पर बोलते हुए कहा कि गुजरात में विद्यार्थी सम्मान का कार्य चला आ रहा है किंतु वहां पर समन्वय की कमी है एवं नए शाखा को खोलने में अभी उदासीनता दिख रही हैं। सिक्किम प्रांत के विषय में उन्होंने कहा कि वहाँ पर संभावनाएं कम है क्योंकि हमारे समाज बंधुओं की संख्या कम है। उन्होंने सुझाव दिया कि सिक्किम प्रांत को पश्चिम बंगाल प्रांत के साथ जोड़ दिया जाना चाहिए। पश्चिम बंगाल प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन; कोलकाता की वर्तमान स्थिति सम्मेलन के लिए चुनौती हैं।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्मल कुमार झुनझुनवाला ने बताया कि बिहार में १५४ शाखाओं में से प्रांतीय अध्यक्ष ने १३२ शाखाओं का दौरा कर लिया है एवं सदस्यों की संख्या ६००० पार कर गई हैं। उन्होंने बताया 'पधारो म्हारा देश' राजस्थान दिवस जैसे कार्यक्रम धूमधाम से पटना में मनाया जाता है। श्री झुनझुनवाला ने यह भी बताया की उत्कल में नए सदस्य बनें है एवं सदस्यों की संख्या ६१०० पहुँच गई हैं।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राज कुमार केडिया की अनुपस्थिति में उनके रपट को राष्ट्रीय महामंत्री ने पढ़ कर सभा को सुनाया। श्री केडिया ने लिखा की झारखंड में अभी ५१०६ सदस्य है। छत्तीसगढ़ प्रांत में अमर बंसल नए अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं एवं मध्य प्रदेश प्रांत में मई २०२५ तक चुनाव होने का आश्वासन मिला है।

पूर्वोत्तर प्रदेशीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री कैलाश काबरा ने बताया की आगामी २ वर्षों में ४००० नए सदस्य एवं २४ नई शाखाएं खुलने का लक्ष्य है। शाखाओं को मजबूत करने के लिए दान पत्र का कार्यक्रम चल रहा है।

पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर अग्रवाल ने पिछले ७ वर्षों का संक्षिप्त इतिहास बताया।

दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राजेश सिंघल ने पहलगाम हमले पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत किया एवं उन्होंने अपना संकल्प दोहराया की नई दिल्ली के कार्यों में विस्तार एवं गति लायी जाएगी।

उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष श्री श्रीगोपाल तुलस्यान ने बताया कि अभी कानपुर में १०० सदस्य है और आगरा, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, आजमगढ़, गोरखपुर, अयोध्या, लखनऊ एवं भदोही में नई शाखाओं को खोलने का प्रयास जारी हैं।

महाराष्ट्र प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री श्री सुदेश करवा ने बताया कि महाराष्ट्र में अब सदस्यों की संख्या २०० तक पहुँच गई हैं। उन्होंने जुलाई महीने में अखिल भारतीय समिति की बैठक, जालना में आयोजित होने हेतु आतिथ्य का प्रस्ताव दिया है। राष्ट्रीय पदाधिकारियों की ओर से कहा गया कि इस बारे में समुचित निर्णय लेकर आपको सुचित किया जाएगा।

दिल्ली प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय महामंत्री श्री सज्जन शर्मा ने दिल्ली प्रांत के द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी उपस्थित सभा को दी।

**कार्यसुची ७: पंजाब प्रांत में प्रादेशिक इकाई खोलने पर विचार-विमर्श।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री शिव कुमार लोहिया ने सभा को जानकारी दी कि आगामी कुछ ही दिनों में अमृतसर में नई शाखा खोलने के लिए एक बैठक होने वाली हैं। सभी सदस्यों ने संभावना पर प्रसन्नता जाहिर की एवं आशा व्यक्त कि की जल्द ही अमृतसर में शाखा खुलने की प्रक्रिया संपूर्ण हो जाएगी। सभा की राय थी कि नए प्रांत के लिए १०० सदस्यों की न्युनतम संख्या है उसका पालन होना चाहिए।

**कार्यसुची ८ः प्रांतो के लंबित चुनाव पर चर्चा।**

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने बताया की छत्तीसगढ़ प्रांत में चुनाव हो चुके हैं एवं मध्य प्रदेश में प्रांतीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सकलेचा ने मई २०२५ तक चुनाव संपन्न करवाने का आश्वासन दिया हैं।

**कार्यसुची ९ः राष्ट्रीय बैठकों के लिए प्रांतो के सहयोग राशि पर विचार। (संशोधित)**

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रांतीय सम्मेलन द्वारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक के आतिथ्य के लिए प्रांत को सहयोग राशि रु. २५,०००/- अखिल भारतीय समिति की बैठक के आतिथ्य के लिए प्रांत को रु. ५०,००००/- एवं राष्ट्रीय अधिवेशन के आतिथ्य के लिए प्रांत को रु. १,००,०००/- की सहयोग राशि राष्ट्रीय कार्यालय से प्रदान की जाएगी इस प्रस्ताव को सभा द्वारा सर्वसम्मति से पारित गया।

२७ अप्रैल २०२५ को राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति की बैठक आतिथ्य प्रांत उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा कानपुर में आयोजित हुई थी। उक्त सभा में सभा सदस्यों ने उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन को भी आतिथ्य बैठक हेतु भी सहयोग राशि रु.२५०००/- देने की स्वीकृति प्रदान की।

**कार्यसुची ११ः विविध-अध्यक्ष की अनुमति से।**

विविध के तहत राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राजकुमार जी केडिया द्वारा प्राप्त पत्र को सभा पटल पर रखा। उन्होंने पत्र द्वारा सभा में उपस्थित सभी सदस्यों का अभिनंदन किया साथ ही अपने प्रभारी प्रांत झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्षीय चुनाव की प्रक्रिया जल्द पूरी होने की जानकारी दी। छत्तीसगढ़ प्रांत का चुनाव संपन्न हो गया है। वर्तमान में मध्य प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन इकाई का कार्य कुछ शिथिल है। वहाँ ४ शाखाओं के खुलने की बात चल रही है। उनके पत्र द्वारा सभा को राष्ट्रीय महामंत्री श्री तोदी ने सभा को पढ़ कर सुनाया।

सम्मेलन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री केदारनाथ गुप्ता ने वर्ष २०२४-२५ का वित्तीय रपट सभा के समक्ष प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय महामंत्री श्री कैलाशपति तोदी ने बताया की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय नंदकिशोर जालान की स्मृति में सम्मेलन के संगठन को मजबूत करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अवदान देने वाले महोदय/प्रांत को संगठन सम्मान देने की घोषणा की गई थी। इस संदर्भ में रुपये ५ लाख के अनुदान राशि फिक्सड डिपॉजिट करने के लिए जालान परिवार की ओर से प्रदान की गई हैं। यह सम्मान प्रत्येक राष्ट्रीय अधिवेशन में दिया जाएगा एवं राशि रु. ५१,०००/- होगी।

अंत में सम्मेलन के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री श्री संजय गोयनका ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष

राष्ट्रीय महामंत्री